पंजाब केसरी 06/05/2025

# गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में मशीन लर्निंग और फॉग कम्प्यूटिंग पर हुआ अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

अम्बाला, 5 मई (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में मशीन लर्निंग और फॉग कम्प्यूटिंग पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में भारत और विदेश से प्रतिष्ठित शोधकर्त्ताओं, शिक्षाविदों, उद्योग के पेशेवरों एवं छात्रों को ज्ञान का आदान-प्रदान करने और कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं अगली पीढ़ी के कम्प्यूटिंग के क्षेत्र में नवाचारों का पता लगाने के लिए एक साथ लाया गया।

जी.एम.एन. कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवा, स्वायत्त वाहनों एवं स्मार्ट शहरों जैसे क्षेत्रों में डेटा प्रबंधन में फॉग कम्प्यूटिंग की बढ़ती प्रासंगिकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि डेटा की तेजी से वृद्धि और कम विलंबता प्रसंस्करण की आवश्यकता के साथ, मशीन लर्निंग के साथ फॉग कम्प्यूटिंग भविष्य के डिजिटल बुनियादी ढांचे के लिए महत्वपूर्ण होती जा रही है।

सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहीं डा. प्रबलीन कौर ने तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने में शैक्षणिक-उद्योग सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन ज्ञान सांझा करने और नवाचार के लिए एक मंच है जो सिद्धांत और व्यवहार के बीच की खाई को पाटता है। कार्यक्रम समिति में शामिल श्याम रहेजा, डा. गीता कौशिक और डा. भारती सुजान ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस कार्यक्रम में 60 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुतियां, पैनल चर्चाएं और कार्यशालाएं शामिल थीं। विषय ए.आई. आधारित भविष्य के मॉडल से लेकर फॉग नेटवर्क में गोपनीयता संरक्षण डेटा तकनीकों तक थे। चयनित शोधपत्र एक प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित किए जाएंगे, जिससे प्रतिभागियों को उनके शोध के लिए एक वैश्विक मंच मिलेगा।

सम्मेलन के समापन अवसर पर उत्कृष्ट शोधपत्रों और योगदानकर्त्ताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। आयोजकों ने ब्लॉकचेन, क्वांटम कम्प्यूटिंग और एथिकल ए.आई. को शामिल करने के लिए अगले साल के सम्मेलन का दायरा बढ़ाने की योजना की घोषणा की।